कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि अनुसंधान भवन- I, पूसा, नई दिल्ली 110 012
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi- 110 012

फा. सं. 1(7)/2014-परीक्षा.II दिनांक 21.12.2016

प्रेस नोट

कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा, 2015 (परिणाम)

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानद विश्वविद्यालयों सहित भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न संस्थानों में प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक पदों पर नियुक्ति हेतु एक परीक्षा का आयोजन किया। कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा (एआरएस) 2015 कही जाने वाली इस परीक्षा का आयोजन दो चरणों में यानि प्रारम्भिक और मुख्य परीक्षा तत्पश्चात साक्षात्कार लिया गया।

2. कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा (एआरएस) 2015 हेतु कृषि एवं संबद्ध विज्ञानों से संबंधित 30 विषय क्षेत्रों के अंतर्गत 97 रिक्तियों को अधिसूचित किया गया था। एआरएस प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 04.12.2015 से 10.12.2015 के दौरान देश के 22 केन्द्रों पर तथा दिनांक 06.01.2016 से 10.12.2015 तक चेन्नई केन्द्र पर ऑनलाइन पद्धति से किया गया। इस परीक्षा हेतु कुल 13891 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और परीक्षा हेतु 9936 (72%) उम्मीदवार उपस्थित हुए। प्रारम्भिक परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर 2217 उम्मीदवारों ने एआरएस (मुख्य) लिखित परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त की। एआरएस (मुख्य) लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 08.05.2016 को देशभर में 12 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया जिसमें 1764 (80%) उम्मीदवार उपस्थित हुए।

3. इनमें से कुल 363 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण हुए हैं और साक्षात्कार 13 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2016 के दौरान लिया गया। एआरएस मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर 79 उम्मीदवारों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार नियुक्ति हेतु संस्तुति की गई है :

अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल
41	23 (2 विकलांग सहित)	11	04	79

4. सफल उम्मीदवारों की सूची में 27 महिला उम्मीदवार हैं, अर्थात नियुक्ति हेतु संस्तुत उम्मीदवारों में 34.17% महिलाएं हैं । विस्तृत परिणाम कृ.वै.च.मं. के वेबसाइट www.asrb.org.in तथा भा.कृ.अनु.प. के वेबसाइट www.icar.org.in पर उपलब्ध हैं।

5. उम्मीदवारों को प्राप्त अंक, परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर ऊपर उल्लेखित वेबसाइटों पर उपलब्ध होंगे।

अजय गौतम

(अजय गौतम)
अवर सचिव (परीक्षा)